हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 3 जून 2026

**तापमान**
अधिकतम 36 .5 डिग्री
न्यूनतम 22.8 डिग्री

**शहर में आज**
- शहीद मदन लाल ढींगड़ा कम्युनिटी सेंटर में शाम चार बजे श्रीभागवद्कथा
- निगम कमिश्नर नरेंद्र कुमार की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का धरना और रोडवेज कर्मियों की बैठक सुबह 11 बजे

## दिल्ली रोड पूरी तरह बंद, खतरे से खाली नहीं वैकल्पिक मार्ग
# न स्ट्रीट लाइट, न सुरक्षा; डर के साये में गुजर रहे मुसाफिर



- छह महीने चलेगा बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के सामने अंडरपास का काम
- दिल्ली जाने के लिए निर्धारित बोहर वाले रास्ते पर रॉन्ग साइड से शहर में प्रवेश कर रहे वाहन
- शहर में प्रवेश के लिए तय ओमेक्स सिटी के रास्ते का प्रयोग न होने से बोहर रोड पर बढ़ा ट्रैफिक
- कई स्थानों पर जाम जैसे हालात बनने से छोटी-छोटी बातों पर वाहन चालकों में हो रही बहस
- प्रमुख चौराहों व डायवर्जन प्वाइंट्स पर पुलिस कर्मियों की गैरमौजूदगी से बढ़ रही अव्यवस्था
- ओमेक्स सिटी रोड पर स्ट्रीट लाइट व सुरक्षा व्यवस्था न होने से डर के साये में गुजर रहे हैं वाहन चालक

# सिर में डंडा मारकर पत्नी की हत्या
## डोभ गांव की घटना, नशे में दंपति के बीच हुई कहासुनी खूनी अंजाम तक पहुंची
## असम की रहने वाली थी 20 वर्षीय जोशना कासगंज का रहने वाला है हत्यारोपी पति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डोभ गांव में घरेलू विवाद ने एक परिवार को तबाह कर दिया। पति-पत्नी के बीच हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि गुस्से में पति ने डंडे से हमला कर पत्नी की हत्या कर दी। वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर बहुअकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया को भी बुलाया। मृतका की पहचान 20 वर्षीय जोशना के रूप में हुई है। वह मूल रूप से असम की रहने वाली थी और उसकी शादी कासगंज (उत्तर प्रदेश) निवासी आजाद से हुई थी। दोनों पिछले कुछ समय से गांव डोभ में पीर बाबा मंदिर के सामने रहकर कबाड़ का काम करते थे।

### मौके पर ही तोड़ दिया दम
प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सोमवार देर रात आजाद शराब के नशे में घर पहुंचा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर आजाद ने पास में रखा डंडा उठाकर जोशना के सिर पर वार कर दिया। चोट इतनी गंभीर थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### दो बच्चों से छिन गई मां
जोशना अपने पीछे पांच वर्षीय बेटे और तीन वर्षीय बेटी को छोड़ गई है। मां की मौत के बाद दोनों मासूम बच्चों के सिर से ममता का साया उठ गया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### पिता को फोन कर बताई वारदात
हत्या के बाद आरोपी आजाद ने सुबह करीब तीन बजे अपने पिता गुड्डू को फोन कर घटना की जानकारी दी। उस समय गुड्डू दोनों बच्चों को लेकर अपने छोटे बेटे के पास गया हुआ था। सूचना मिलने के बाद वह बच्चों को लेकर गांव डोभ पहुंचा और सुबह पुलिस को मामले की जानकारी दी।

### रात को कराया था समझौता


गुड्डू ने पुलिस को बताया कि रात के समय भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। उस दौरान उसने दोनों को समझाकर शांत कराया था और बच्चों को अपने साथ ले गया था। उसे अंदेशा भी नहीं था कि कुछ घंटों बाद इतना बड़ा हादसा हो जाएगा। सूचना मिलते ही बहुअकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी आजाद को घटनास्थल से ही हिरासत में ले लिया। बाद में उसे पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं टीम की मदद से मामले की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 18 को
**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक, जो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 3 जून 2026 को आयोजित होनी थी, प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अब जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 18 जून 2026 को प्रातः 11:30 बजे स्थानीय जिला विकास भवन के डीआरडीए सभागार में होगी।

### 186 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार
**रोहतक।** सीआईए-2 स्टाफ की टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 186 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि उपनिरीक्षक जसबीर के नेतृत्व में टीम गश्त पर थी। सूचना के आधार पर भैणी महाराजपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास खड़े सुभाष पुत्र जगदीश निवासी भैणी भैरो को काबू किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 186 ग्राम चरस बरामद हुई।

### देसी पिस्तौल के साथ एक युवक दबोचा
**रोहतक।** जिले में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपराध शाखा महम की टीम ने एक युवक को देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही संदीप के नेतृत्व में टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिलने पर पुलिस ने महम-भिवानी रोड स्थित आउटर बाईपास पुल के नीचे खड़े एक संदिग्ध युवक को काबू किया। पूछताछ में उसकी पहचान रवि पुत्र ब्रह्मप्रकाश निवासी दिल्ली के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 82 हजार की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार
**रोहतक।** सदर थाना पुलिस ने 82 हजार रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार सहायक उप निरीक्षक हरदीप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने साहिल उर्फ बिल्ला पुत्र सैफू निवासी वार्ड नंबर-1, पुनहाना जिला नूंह को काबू किया। आरोपी के खिलाफ पहले से धोखाधड़ी का मामला दर्ज था और उसकी तलाश की जा रही थी। जांच में सामने आया कि गांव घुसकानी निवासी राजेंद्र सिंह ने शिकायत दी थी कि 7 जनवरी 2025 को आरोपी ने उससे 82 हजार रुपये की ठगी की थी। शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था।

# डी-पार्क पर जानलेवा रेसः दो युवकों के टशन का शिकार हुआ डीएसपी का गनमैन
## देर रात रेस लगा रहे बाइक सवारों ने मारी टक्कर, नरेंद्र ने अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। सोमवार देर रात डी-पार्क के पास कथित तौर पर रेस लगा रहे दो बाइक सवार युवकों की टक्कर से डीएसपी के गनमैन की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि गंभीर रूप से घायल गनमैन ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान झज्जर जिले के गांव माजरा निवासी तथा हॉल ही में विशाल नगर निवासी नरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। नरेंद्र सिंह डीएसपी गुलाब सिंह के गनमैन के तौर पर तैनात थे। बताया गया है कि डीएसपी के अवकाश पर होने के कारण इन दिनों उनकी ड्यूटी सिविल लाइन थाना में लगाई गई थी। सोमवार रात ड्यूटी पूरी करने के बाद वह अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से घर लौट रहे थे।



एआई जेनरेटेड

- विशाल नगर में रहते थे झज्जर के माजरा निवासी नरेंद्र सिंह
- ड्यूटी के बाद सिविल लाइन थाने से इलेक्ट्रिक स्कूटी पर लौट रहे थे घर



### सामने से मौत बनकर आई तेज रफ्तार बाइक
प्रारंभिक जांच के अनुसार नरेंद्र सिंह जब डी-पार्क के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही दो बाइकों ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। आरोप है कि दोनों बाइक सवार युवक आपस में रेस लगा रहे थे। तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण स्कूटी को सीधी टक्कर लगी, जिससे नरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### हादसे में बाइक सवार भी घायल
हादसे में शामिल दोनों बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों की पहचान करण पुत्र राजू निवासी गांधी नगर, नरवाना (जींद) तथा जीवन पुत्र गणेश निवासी सुभाष नगर रोहतक के रूप में हुई है। दोनों का उपचार ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है।

### पत्नी ने की कार्रवाई की मांग
मृतक की पत्नी प्रमिला ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि नरेंद्र सिंह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद पुलिस विभाग में डीएसपी के गनमैन के रूप में सेवाएं दे रहे थे। घटना वाले दिन भी वह अपनी ड्यूटी पूरी करके घर लौट रहे थे।

### सेना से रिटायरमेंट के बाद दे रहे थे पुलिस विभाग में सेवाएं


सड़क हादसे में नरेंद्र सिंह की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सेना से रिटायरमेंट के बाद वह परिवार की जिम्मेदारियां निभाने के लिए पुलिस विभाग में सेवाएं दे रहे थे। उनकी असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस
सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। अधिकारियों का कहना है कि हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सत्संग में जा रहे युवक की ऑटो से गिरकर मौत
**रोहतक।** सत्संग में शामिल होने जा रहे एक युवक की ऑटो से गिरकर मौत हो गई। परिजनों ने ऑटो चालक पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर कलानौर थाना पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में गांव बनियानी निवासी सुनील पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि 31 मई को उसका बेटा सौरभ उर्फ गौरव तथा सुमित गांव के ही संदीप पुत्र पाले राम के ऑटो रिक्शा में सवार होकर गांव निगाना में आयोजित सत्संग में जा रहे थे।

- लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप, चालक पर केस दर्ज

शिकायतकर्ता के अनुसार रास्ते में ऑटो चालक संदीप वाहन को तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। ऑटो में सवार लोगों ने उसे कई बार सावधानी से वाहन चलाने के लिए कहा, लेकिन उसने गति कम करने की बजाय और तेज कर दी।

बताया गया कि तेज रफ्तार के कारण सौरभ उर्फ गौरव अचानक ऑटो से उछलकर सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उसे तत्काल उपचार के लिए पीजीआई ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। जांच के बाद कलानौर थाना पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक संदीप के खिलाफ गफलत और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है।

# दूसरों को पानी दिलवाने के लिए धरने पर बैठने वाले पार्षद का अपना नल ही सूखा
**रोहतक।** दूसरों को पानी दिलवाने के लिए धरने पर बैठने वाले वार्ड-7 के पार्षद कपिल नागपाल के घर का नल भी सूखा पड़ा है। क्षेत्र में गहराए पेयजल संकट ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि जनता के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी पानी की किल्लत झेलने को मजबूर हैं। समस्या के समाधान की मांग को लेकर नागपाल पांच दिन पहले जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ कार्यालय में करीब छह घंटे तक धरने पर बैठे थे। विभाग ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। वार्ड के कई इलाकों में या तो पानी नहीं पहुंच रहा या फिर दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। लोगों को मात्र 15 से 25 मिनट तक पानी मिल रहा है, वह भी गंदा और बदबूदार। पार्षद का कहना है कि जब उनके घर तक पानी नहीं पहुंच रहा तो आम लोगों की परेशानी का अंदाजा लगाया जा सकता है। क्षेत्रवासी अब जल्द स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

- पार्षद कपिल नागपाल ने 6 घंटे दिया था धरना, विभाग के आश्वासन पर भी नहीं सुधरे हालात



### अपना काम कर रही है पूरी टीम
विभाग की तरफ से पूरी टीम अपना काम कर रही है। कुछ जगहों पर समस्या है तो वहां का समाधान किया जा रहा है। आमजन को परेशान नहीं होने दिया जा रहा है। जहां भी दिक्कत होती है वहां पर जाकर टीम का लगा दिया जाता है। पिछले कुछ दिनों से टीम कार्य के लिए पूरी तरह लगी हुई है।
**-संदीप कुमार,** कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

# जींद रोड पर खाली प्लाट में मिला अज्ञात युवक का शव
**रोहतक।** जींद रोड स्थित एक खाली प्लाट में मंगलवार सुबह अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने युवक को मृत अवस्था में पड़ा देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तथा एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए पीजीआई के शवगृह में रखवाया गया। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की भी जांच कर रही है। साथ ही क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा।

## पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार 8 को चंडीगढ़ में लेंगे बैठक
# जिलाध्यक्षों से लिया जाएगा हिसाब-किताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश में ग्रामीण विकास कार्यों पर खर्च की गई धनराशि और विभिन्न योजनाओं की प्रगति का हिसाब-किताब लेने के लिए विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार 8 जून को जिला परिषद चेयरमैनों के साथ बैठक करेंगे। बैठक सुबह साढ़े 11 बजे हरियाणा निवास चंडीगढ़ में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेशभर के जिला परिषद चेयरमैन और संबंधित अधिकारी भाग लेंगे। पंचायत विभाग सूत्रों के अनुसार बैठक के लिए 12 बिंदुओं का विस्तृत एजेंडा तय किया गया है। पंचायत मंत्री जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) से जिलेवार प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करेंगे और विभिन्न योजनाओं पर खर्च की गई राशि, कार्यों की स्थिति तथा लंबित मामलों की समीक्षा करेंगे। सरकार का फोकस यह जानने पर रहेगा कि विकास कार्यों के लिए जारी धनराशि का कितना उपयोग हुआ और योजनाएं जमीन पर कितनी आगे बढ़ी हैं।

- विकास कार्यों के लिए जारी धनराशि का कितना उपयोग हुआ और योजनाएं धरातल पर कितनी आगे बढ़ीं, यह जानने पर रहेगा सरकार का फोकस

### विकास कार्यों की लेंगे प्रगति रिपोर्ट
बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन, राज्य एवं केंद्रीय वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान राशि के उपयोग, जिला परिषदों को हस्तांतरित हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) की सड़कों के नवीनीकरण और मरम्मत कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा हरियाणा ग्रामीण विकास योजना (एचजीवीवाई), मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना और एचआरडीएफ के तहत स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी मांगी जाएगी। सरकार विशेष रूप से मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को भूखंडों का कब्जा देने की स्थिति का आकलन करेगी। साथ ही महिला चौपालों तथा अनुसूचित जाति एवं बहुसंख्यक समुदाय की चौपालों के मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा भी एजेंडे में शामिल है।

### इनकी भी होगी समीक्षा
बैठक में ग्राम पंचायतों द्वारा महिला चौपालों और अनुसूचित जाति एवं बहुसंख्यक समुदाय की चौपालों के मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी। इसके अलावा सातवें राज्य वित्त आयोग (एसएफसी) से संबंधित जिला परिषद, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों के स्वयं के राजस्व (ओएसआर) विवरणों पर भी चर्चा होगी। जन संवाद कार्यक्रमों से जुड़े मामलों और मुख्यमंत्री विंडो पर लंबित शिकायतों के हल की स्थिति भी बैठक का महत्वपूर्ण हिस्सा रहेगी। माना जा रहा है कि इस समीक्षा बैठक के बाद ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

# सर्वर डाउन
## लघु सचिवालय में एक सप्ताह से बार बार ठप हो रहीं ई-दिशा केंद्र की सेवाएं
## दिनभर में 2-3 घंटे ही हो पाता है काम अटल सेवा केंद्र संचालक भी परेशान

- सरल पोर्टल पर अप्लाई होने वाले सरकारी योजनाओं के आवेदनों पर पड़ा असर
- ऑनलाइन सेवाओं के लिए लोगों को सर्वर ठीक होने तक घंटों करना पड़ रहा है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सरकार की विभिन्न जनसेवाओं और योजनाओं के लिए उपयोग किए जाने वाला सरल पोर्टल पिछले एक सप्ताह से लगातार तकनीकी समस्याओं से जूझ रहा है। पोर्टल दिनभर में मुश्किल से दो से तीन घंटे ही सुचारू रूप से काम कर पा रहा है, जिसके चलते आम नागरिकों के साथ-साथ लघु सचिवालय के ई-दिशा केंद्र और अटल सेवा केंद्र संचालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरल पोर्टल के माध्यम से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म प्रमाणपत्र समेत कई सरकारी योजनाओं के आवेदन और अन्य ऑनलाइन सेवाएं संचालित होती हैं। ऐसे में पोर्टल के बार-बार बंद होने से सरकारी सेवाओं की पूरी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ध्यान रहे किई दिशा केंद्र में हर रोज से 100-125 टोकन विभिन्न योजनाओं और प्रमाणपत्र बनवाने के लिए जारी किए जाते हैं। ई-दिशा केंद्र में रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपने काम करवाने पहुंचते हैं। लोग सुबह टोकन लेकर अपनी बारी का इंतजार शुरू कर देते हैं। लेकिन पोर्टल की खराबी के कारण यह तय नहीं होता कि उनका काम कुछ मिनटों में होगा या कई घंटों बाद। दस्तावेज अपलोड होने के बाद पोर्टल हैंग हो जाता है या सर्वर से कनेक्शन टूट जाता है। इससे नागरिकों को बार-बार इंतजार करना पड़ता है और कई लोगों को बिना काम करवाए वापस लौटना पड़ता है।



एआई जेनरेटेड

### कर्मचारी भी असहाय
जनता का गुस्सा झेल रहे पोर्टल की तकनीकी खामियों का सबसे ज्यादा असर ई-दिशा केंद्रों के कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है। कर्मचारी आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास करते हैं, लेकिन सर्वर बंद होते ही काम रुक जाता है। इसके बाद नागरिकों का गुस्सा कर्मचारियों पर निकलता है, जबकि तकनीकी समस्या उनके नियंत्रण से बाहर होती है। कर्मचारियों का कहना है कि पोर्टल बार-बार बंद होने से कार्य का दबाव बढ़ रहा है। एक दिन का लंबित कार्य अगले दिन के काम के साथ जुड़ जाता है, जिससे व्यवस्था और अधिक प्रभावित होती है।

### चंडीगढ़ तक पहुंच रहीं शिकायतें
समाधान का इंतजार सूत्रों के अनुसार पोर्टल की खराब कार्यप्रणाली की जानकारी नियमित रूप से उच्च अधिकारियों और चंडीगढ़ स्थित संबंधित विभाग को भेजी जा रही है। जिला स्तर से लगातार रिपोर्ट भेजे जाने के बावजूद अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी टीम समस्या को दूर करने का प्रयास कर रही है, लेकिन फिलहाल पोर्टल की कार्यक्षमता पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी है। सरकारी सेवाओं पर असर सरल पोर्टल राज्य सरकार की डिजिटल सेवा प्रणाली की रीढ़ माना जाता है। ऐसे में इसके लगातार प्रभावित रहने से न केवल नागरिकों को परेशानी हो रही है, बल्कि सरकारी योजनाओं और प्रमाणपत्रों से जुड़ी सेवाओं की गति भी धीमी पड़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही पोर्टल को पूरी तरह सुचारू नहीं किया गया तो हजारों लंबित आवेदनों का बोझ बढ़ जाएगा और नागरिकों को आवश्यक सेवाओं के लिए और अधिक इंतजार करना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप



### प्रोफेसर कुलताज सिंह को मातृ शोक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी प्रोफेसर कुलताज सिंह की माता बसंती देवी का शनिवार को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। बसंती देवी धर्मनिष्ठ एवं समाजसेवी महिला थीं। मुक्त राम भवन में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। विधायक भारत भूषण बत्रा, पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित अनेक सामाजिक, शैक्षणिक व राजनीतिक हस्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार को सांत्वना दी।

### बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

**सांपला।** गांव कुलताना में एक बंद मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने नकदी और सोने के आभूषण चोरी कर लिए। सेना से सेवानिवृत्त आनन्द कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी निर्मला के साथ माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए हुए थे। घर को ताला लगाकर जाने के कारण मकान खाली था। यात्रा के दौरान मोबाइल नेटवर्क न मिलने से परिवार के सदस्यों से संपर्क नहीं हो सका। वापस लौटते समय परिजनों ने उन्हें सूचना दी कि उनके मकान के ताले तोड़कर चोरी की गई है।

### योग प्रतियोगिता में सांपला के विधार्थी लेंगे भाग

**सांपला।** आगामी जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में ब्लाक के स्कूल के विधार्थी भाग लेंगे। मंगलवार को खरावड़ गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्लॉक स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या वीना खत्री ने की। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# सोमनाथ दर्शन के लिए 6 तक करवाएं पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- 8 जून को कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन से रवाना होगी विशेष ट्रेन

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर प्रदेश के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को सोमनाथ मंदिर के दर्शन कराने के लिए 8 जून को वातानुकूलित विशेष ट्रेन रवाना की जाएगी। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि पात्र श्रद्धालुओं का 6 जून तक सरल पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। मंगलवार को महानिदेशक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यात्रा की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 8 जून को कुरुक्षेत्र से इस विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह सुविधा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष तथा अखंड आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह विशेष यात्रा आयोजित की जा रही है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को आवास, भोजन, परिवहन तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। यात्रा का संपूर्ण खर्च हरियाणा सरकार वहन करेगी। योजना का लाभ पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

### श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव का मिलेगा अवसर



उपायुक्त सचिन गुप्ता

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि योजना के लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होनी आवश्यक है। आवेदक का हरियाणा का स्थायी निवासी होना और परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड अथवा अन्य वैध पहचान पत्र, परिवार पहचान पत्र, चिकित्सकीय फिटनेस प्रमाण पत्र तथा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लेने संबंधी घोषणा पत्र जमा करना होगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव के साथ देश की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगी।

# अवैध वसूली पर छात्र संगठनों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। कुलपति कार्यालय के बाहर अपनी मांगो के लिए नारेबाजी करते छात्र संगठनों के सदस्य।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में छात्रों से कथित अवैध धनराशि वसूले जाने के आरोपों को लेकर मंगलवार को विभिन्न छात्र संगठनों ने कुलपति कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। छात्र नेता विक्रम सिंह डुमोलिया, अध्यक्ष एएमवीए (डा. अंबेडकर मिशनरीज विद्यार्थी एसोसिएशन) ने कहा कि शारीरिक शिक्षा विभाग में छात्रों से विभिन्न मदों के नाम पर धनराशि एकत्र किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। उनका आरोप है कि इस संबंध में विश्वविद्यालय के निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया, जिससे छात्रों में रोष है। इस अवसर पर एनएसओ के अध्यक्ष सुधीर कुमार सहारन ने कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह विश्वविद्यालय की छवि को प्रभावित करने वाला मामला है। उन्होंने पूरे प्रकरण की पारदर्शी जांच कर जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### मामले से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

शहीद भगत सिंह छात्र संगठन के प्रतिनिधियों कपिल फौजी और हिमांशु देशवाल ने भी प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेने और छात्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान छात्र संगठनों ने कुलपति प्रोफेसर मिलाप पूनिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए कुलपति ने डीन एकेडमिक अफेयर्स, वित्त अधिकारी तथा कुलसचिव को मामले से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों को समझाने वालों में डीन कॉलेज प्रोफेसर राजेश कुमार पुनिया, ओएसडी प्रोफेसर रवि कुमार प्रभात, सुरक्षा अधिकारी तरुण कुमार शर्मा आदि रहे।

## दूषित पानी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव : कंचन

# मॉडल टाउन में गंदे पानी की आपूर्ति व नई सड़क तोड़ने पर जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- वार्ड 14 की पार्षद कंचन खुराना ने लिखा कार्यकारी अभियंता को पत्र



पार्षद कंचन खुराना।

नगर निगम वार्ड नंबर 14 की पार्षद कंचन खुराना ने जन-स्वास्थ्य विभाग द्वारा मॉडल टाउन क्षेत्र में बिछाई गई नई पेयजल पाइपलाइन में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए, कार्यकारी अभियंता, जन-स्वास्थ्य विभाग को शिकायत भेजकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। शिकायत के अनुसार, मॉडल टाउन स्थित गोल मार्केट के पीछे वाली गली में हाल ही में नई पेयजल पाइपलाइन बिछाई गई थी। पाइपलाइन बिछाने के बाद निगम द्वारा सड़क का निर्माण भी कराया गया, लेकिन शुरुआत से ही क्षेत्रवासियों को गंदे और दूषित पानी की आपूर्ति होने लगी। पार्षद का कहना है कि दूषित पानी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।पार्षद कंचन खुराना ने आरोप लगाया कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तकनीकी खामियां और लापरवाही बरती गई। यही कारण है कि नई सड़क बनने के कुछ समय बाद ही पाइप लाइन की मरम्मत के नाम पर सड़क को दोबारा तोड़ा जा रहा है।

### सरकारी धन का हो रहा दुरूपयोग

उन्होंने कहा कि यदि कार्य उचित योजना, निरीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ किया गया होता तो नई सड़क को दोबारा नुकसान पहुंचाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। पार्षद ने इसे विभागीय अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार की लापरवाही तथा समन्वय की कमी का परिणाम बताते हुए कहा कि इससे आम जनता को परेशानी के साथ-साथ सरकारी धन का भी दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर तकनीकी त्रुटियों और लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों के विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही दूषित पानी की समस्या का स्थायी समाधान कर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा क्षतिग्रस्त सड़क का गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण करवाया जाए।

# 30 जून तक पूरी होगी जिले की सभी ड्रेनों की सफाई, डीसी ने किया निरीक्षण

- मायना और शिमली में कार्यों का लिया जायजा, तटबंधों की मजबूती पर खर्च हुए 1.75 करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



### विभागीय मशीनों से की जा रही लिंक ड्रेन की सफाई

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मंगलवार को जिले में सिंचाई विभाग द्वारा करवाई जा रही ड्रेनों की सफाई और तटबंध सुदृढ़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले से गुजरने वाली सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य 30 जून तक हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने भिवानी रोड स्थित ड्रेन नंबर-8 तथा मायना गांव से गुजरने वाली रोहतक लिंक ड्रेन का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि अब तक ड्रेनों की सफाई का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है और शेष कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई के दौरान निकाली गई गाद को तुरंत उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वह दोबारा ड्रेन में न पहुंच सके।

डीसी ने कहा कि रोहतक लिंक ड्रेन की सफाई विभागीय मशीनों के माध्यम से की जा रही है। इसके पूरा होने के बाद ड्रेन नंबर-8 की सफाई का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। इसके बाद उन्होंने शिमली गांव में रोहतक लिंक ड्रेन के तटबंधों को मजबूत करने के लिए किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग द्वारा ड्रेन के 1100 फीट हिस्से में 1.75 करोड़ रुपये की लागत से कंक्रीट की दीवारों का निर्माण कराया गया है। इन दीवारों का उद्देश्य बरसात और जलभराव की स्थिति में तटबंधों को सुरक्षित रखना तथा कटाव की संभावनाओं को कम करना है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों से मानसून के दौरान जल निकासी की तैयारियों की भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राजीव राठी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



रोहतक। पेयजल समस्या के लिए डीसी से मिलने आए गांव मोखरा खास के ग्रामीण।

# गांव मोखरा खास में भी गहराया पेयजल संकट


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक के गांव का मामला

ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक के गांव मोखरा खास में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। गांव में पानी की कमी और दूषित जलापूर्ति से परेशान सैकड़ों महिला और पुरुष मंगलवार को जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचे तथा समस्या के स्थायी समाधान की मांग उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सप्लाई के माध्यम से आने वाला पानी बेहद गंदा है। पानी में गंदगी और अशुद्धियां होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दूषित पानी के सेवन से कई लोग बीमार पड़ रहे हैं, जबकि बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में टैंकरों से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। इससे परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उनका कहना है कि समस्या को लेकर कई बार जनस्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया।

### स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना प्राथमिकता

ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल में नरेंद्र रामधारी, राजेश, पाला, धर्म, बेदपाल, फूली देवी, जितेंद्र (सरपंच पति), सुरेंद्र मलिक और नीटू मलिक सहित अनेक ग्रामीण शामिल रहे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गांव में स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाए जाएं। उपायुक्त ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे और गांव में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। समस्या के समाधान के लिए जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। डीसी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का जल्द समाधान होगा।



### मेरा युवा भारत में जिला युवा अधिकारी बने परम

**रोहतक।** मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के रोहतक कार्यालय में जिला युवा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर परम राठी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा एवं युवा क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. मनजीत कुमार एवं पंकज राणा ने परम राठी को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवाओं के मार्गदर्शन एवं विकास में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुकृति, सहायक प्राध्यापक डॉ. सोनिका कादयान, विनीत, नीरज, सृष्टि मलिक एवं निष्ठा सहित अन्य सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

### अलग रहे मां, बापू न्यारा, यह कैसा है गांव हमारा

**रोहतक।** स्पंदन संस्था द्वारा प्रेम नगर में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। श्री जी ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल अंजू खुराना की अध्यक्षता में हुई इस काव्यगोष्ठी का मंच संचालन पवन गहलोत ने किया तथा मुख्य अतिथि की भूमिका सुनीत धवन और विशिष्ट अतिथि की भूमिका विरासत आर्ट गैलरी की संचालिका वंदना वर्मा ने निभाई। स्पंदन संस्था द्वारा आयोजित मासिक काव्य गोष्ठियों की मुख्य विशेषता यह है कि इनमें हर बार किसी-न-किसी नए रचनाकार को मंच दिए जाने का प्रयास रहता है जिसके चलते काफी लंबे अरसे से सक्रिय यह मंच अब काफी लोकप्रिय होता जा रहा है। प्रज्ञा नवोदित कवयित्री ने अपनी कविता से रिश्तो की मधुरता को बरकरार रखने का संदेश दिया तथा नवोदित कवि अनीश ने समाज के यथार्थ को प्रस्तुत करते हुए नारी की अस्मिता का सम्मान करने की प्रेरणा दी।

### सड़कें जर्जर हाल, पीडब्ल्यूडी मंत्री से मिले विधायक दांगी



महम। लोक निर्माण मंत्री रणवीर गंगवा को मांग पत्र सौंपते विधायक बलराम दांगी।

**महम।** महम शहर और विधानसभा क्षेत्र के गांवों तक जाने वाली सड़कें जर्जर हाल हो चुकी हैं। अनेक सड़कें ऐसी हैं, जो पिछले साल अत्यधिक बरसात में टूट गई थी। लेकिन अब तक उन सड़कों की मरम्मत नहीं की जा सकी है। इन सड़कों की मरम्मत की मांग को लेकर महम से कांग्रेस के विधायक बलराम दांगी ने पीडब्ल्यूडी मंत्री रणवीर गंगवा से मुलकात की है। उन्होंने मंत्री को एक लिखित मांग पत्र भी सौंपा है। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया है कि जल्द ही महम इलाके की सड़कों की मरम्मत करवा दी जाएगी। विधायक बलराम दांगी ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि जनता की सुविधा और बेहतर सड़क व्यवस्था के लिए उनके निरंतर प्रयास जारी हैं। उन्होंने पिछले विधानसभा सत्र में महम क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत एवं नई सड़कों के निर्माण का मुद्दा विधानसभा में भी मजबूती के साथ उठाया था। उसी क्रम में मंगलवार को वे चंडीगढ़ में लोक निर्माण मंत्री रणवीर गंगवा से शिष्टाचार भेंट की है। तथा महम विधानसभा क्षेत्र की खराब सड़कों की शीघ्र मरम्मत, नई सड़कों के निर्माण तथा इन कार्यों के लिए आवश्यक बजट जारी करने की मांग रखी।

# साइकिल दिवस पर देश को प्रदूषण मुक्त बनाए : स्वीटी

- वर्ष 2024 में ऐतिहासिक रिले में सिल्वर मेडल जीत चुकी है स्वीटी
- साइकिल बेहतर स्वास्थ्य का प्रभावी माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जानी-मानी साइकिलिस्ट एवं भारत सरकार के 'फिट इंडिया' अभियान की ब्रांड एंबेसडर स्वीटी मलिक ने देशवासियों से साइकिल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। वर्ष 2024 में कश्मीर से कन्याकुमारी ऐतिहासिक रिले रेस में सिल्वर मेडल जीत चुकी स्वीटी मलिक ने कहा कि साइकिल केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि बढ़ते वाहन प्रदूषण के कारण हवा लगातार दूषित हो रही है। ऐसे में छोटी दूरियों के लिए साइकिल का उपयोग कर कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सकता है। साइकिल शून्य उत्सर्जन वाला साधन है, जो पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वीटी मलिक ने बताया कि नियमित साइकिलिंग से हृदय रोग, मोटापा, मधुमेह और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं से बचाव संभव है। उन्होंने युवाओं से खेल और साइकिलिंग को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे उनकी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगेगी और वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि साइकिल ईंधन की बचत के साथ-साथ ट्रैफिक जाम की समस्या को भी कम करती है। विश्व साइकिल दिवस पर उन्होंने सभी आयु वर्ग के लोगों से स्वस्थ, फिट और प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण में साइकिल को अपनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

### आमजन दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर: माजरा

**रोहतक।** इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने आरोप लगाया कि आज देश व प्रदेश के हालत बद से बदतर हो गए है और लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए दर दर की ठोकरे खाने पर मजबूर है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, रसौई गैस के बढ़ते दाम व बेहताशा महंगाई ने लोगों को जीना दुर्भर कर दिया है, वहीं सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए लोगों को बली का बकरा बना रही है, लेकिन अब देश व प्रदेश की जनता सहन नहीं करेगी और सरकार को मुंह तोड़ इसका जबाव भी देगी। इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा मंगलवार को जिले के गांव भैसरू कला पहुंचे और जयहिंद सेना प्रमुख नवीन के पिता के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने रोहतक में बढ़ती महंगाई के विरोध में लघु सचिवालय पर विधायक अर्जुन चौटाला द्वारा पुलिस अधीक्षक व उपायुक्त के साथ अभद्रता करने को लेकर भी प्रतिक्रिया दी।



### बाजे भगत जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक

**रोहतक।** सैन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट की आवश्यक बैठक मंगलवार को सूर्य कवि बाजे भगत स्मारक में आयोजित की गई। बैठक में ट्रस्ट के सदस्यों ने 16 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले सूर्य कवि बाजे भगत जयंती समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सूर्य कवि बाजे भगत की स्मृति में विशाल रागिनी कार्यक्रम और देशी घी के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा बाजे भगत की रचनाओं का गायन किया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी को हरियाणवी लोक संस्कृति और साहित्य से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान सुरेश राणा एवं कोषाध्यक्ष उम्मेद सैन ने 2100-2100 रुपये का सहयोग दिया। वहीं प्रदीप सैन मंडावर, जयसिंह मोखरा, सतबीर चांदोलिया, महेंद्र राणा, महेंद्र बडबरिया और रवि रठधनिया ने 1100-1100 रुपये भंडारे के लिए सहयोग स्वरूप प्रदान किए। बैठक में प्रदीप सैन मंडावर, धर्मपाल सैन, धर्मपाल बागड़ी, श्याम मकडोली सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया और समारोह को सफल बनाने का संकल्प लिया।

**शिविर** — विस 62 के अंतर्गत बीएलए 2 और बूथ अध्यक्षों की हुई बैठक

बीजेपी नेता प्रदीप जैन बोले, भाजपा कार्यकर्ता अनुशासित, बिना रुके लक्ष्य को करते हैं पूरा

# मजबूत राष्ट्र के लिए सही मतदाता सूची जरूरी : ग्रोवर

- बूथ अध्यक्ष और बीएलए संगठन के अथक परिश्रम से लोकतंत्र और अधिक होता है मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। दिल्ली रोड स्थित कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता एवं शहरी निकाय मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता एवं शहरी निकाय मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के दिल्ली रोड स्थित कैंप कार्यालय में मंगलवार को रोहतक विधानसभा 62 के अंतर्गत बीएलए 2 और बूथ अध्यक्षों की अति महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मतदाता सूची को लेकर सभी नेताओं और पदाधिकारियों ने विस्तृत विचार विमर्श किया और सुझाव रखे। बैठक में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान तथा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का आधार एक शुद्ध, पारदर्शी और सही मतदाता सूची का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष और बी.एल.ए. संगठन की वह महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनके परिश्रम से लोकतंत्र की जड़ें और अधिक मजबूत होती हैं। भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र के प्रहरी हैं और सही मतदाता सूची युवाओं के अच्छे भविष्य लिए बेहद जरूरी है। प्रदीप जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रहित और जनसेवा के संकल्प पर आधारित है। बूथ स्तर पर कार्य करने वाला कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होता है।



सांपला। बाबा कालिदास धाम में आहुति अर्पित करने के उपरांत बाबा कालिदास महाराज से आशीर्वाद ग्रहण करते भगवान परशुराम सर्व समाज सेवादल के सदस्य।

### बाबा कालिदास धाम में उमड़ी श्रद्धा की धारा

**सांपला।** सांपला स्थित बाबा कालिदास धाम में चल रहे ग्यारह दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण अष्टलक्ष्मी अखंड महायज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। महायज्ञ में आहुति अर्पित करने के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा तथा यज्ञशाला वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण से गूंजती रही। महायज्ञ में विशेष रूप से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पधारे विद्वान पुजारी दुर्वेश मिश्रा एवं कृष्ण मोहन मिश्रा ने भाग लिया। धाम पहुंचने पर आयोजकों एवं श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। दोनों विद्वानों ने वैदिक विधि-विधान के साथ यज्ञ में आहुति अर्पित कर लोककल्याण और विश्व शांति की कामना की तथा बाबा कालिदास जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अलावा भगवान परशुराम सर्व समाज सेवादल के जितेंद्र भारद्वाज, चौगामा प्रधान प्रदीप, ग्यारह गांव खाप के प्रधान नरेंद्र शर्मा (छारा), छह गांव प्रधान शिव कुमार (भैंसरू कलां), युवा 17 गांव प्रधान संजय शर्मा (दीघल), पूर्व सरपंच रामानंद दत्तौर, ऋषि प्रकाश, प्रेम जांगड़ा और रवींद्र राठी आदि ने भी यज्ञ में आहुति देकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

### एनईपी-2020 आधारित अध्ययन सामग्री और यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों की प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स पर लगी मुहर

# एमडीयू: एकेडमिक काउंसिल ने ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की एकेडमिक काउंसिल ने ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को मंजूरी प्रदान कर दी है। कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित 206वीं इमर्जेंट एकेडमिक काउंसिल बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप तैयार अध्ययन सामग्री और कार्यक्रम परियोजना रिपोर्टों को स्वीकृति दी गई। हाइब्रिड मोड में आयोजित बैठक में सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के लिए तैयार सेल्फ लर्निंग मैटेरियल (एसएलएम) को मंजूरी प्रदान की गई। विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 से ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग तथा ऑनलाइन शिक्षा कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम और परीक्षा प्रणाली को एनईपी-2020 के अनुरूप पुनर्गठित किया है। इसी प्रक्रिया के तहत तैयार नई अध्ययन सामग्री को परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। विश्वविद्यालय आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण प्रणाली को बढ़ावा देते हुए विद्यार्थियों की जरूरतों के अनुरूप नए शैक्षणिक विकल्प विकसित कर रहा है। बैठक में सीडीओई निदेशक प्रो. राजेश धनखड़ ने प्रस्तावों का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान, कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल सहित शैक्षणिक परिषद के सदस्य ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से शामिल हुए।

मिशन एडमिशन


रोहतक। इमर्जेंट एकेडमिक काउंसिल बैठक लेते कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां। फोटो : हरिभूमि

#### ये कोर्स ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड के माध्यम से होंगे

बैठक में बीए, बीकॉम तथा एमए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, इतिहास, पत्रकारिता एवं जनसंचार, एमएससी गणित, एमकॉम और एमएलआईएससी पाठ्यक्रमों की प्रोग्राम प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स (पीपीआर) को भी स्वीकृति दी गई। इन कार्यक्रमों का संचालन ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड के माध्यम से किया जाएगा।

#### गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ और समावेशी बनाना प्राथमिकता : प्रो. पूनियां

कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ और समावेशी बनाना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक भी बेहतर शैक्षणिक अवसर पहुंचाए जा रहे हैं।



## महम आईटीआई में दाखिले के लिए 15 जून तक करें आवेदन

**महम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में मंगलवार 2 जून से विभिन्न ट्रेड्स के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह दाखिला प्रक्रिया 15 जून तक चलेगी। आईटीआई के प्रधानाचार्य इंद्र सिंह ने बताया कि सत्र 2026-27 के दाखिला हेतु प्रक्रिया विभिन्न इंजीनियरिंग तथा नॉन इंजीनियरिंग व्यवसायों के ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेबसाइट पर स्वीकार किए जाएंगे। गवर्नमेंट आईटीआई महम में सत्र 2026-27 हेतु 22 ट्रेड हैं। जिसमें कारपेंटर, कोपा, ड्राफ्ट्समैन सिविल, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, प्लंबर, पेंटर जर्नल, मशीनिस्ट, टर्नर, फीटर, शिविंग टेक्नोलॉजी, कॉस्मेटोलॉजी ,मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, स्टेनोग्राफी हिंदी, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग मेंटेनेंस, टूल एंड डाई मेकर आदि शामिल हैं। 688 सीटों पर दाखिला होना है। प्रधानाचार्य ने बताया की दाखिला से संबंधित शैक्षिक योग्यता, आरक्षण व स्थाई निवासी आदि सभी मूल प्रमाण-पत्रों की प्रतियां दाखिला फार्म के साथ ही आवश्यकतानुसार अपलोड करनी होगी। दाखिला लेने के इच्छुक प्रार्थी के पास निजी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, परिवार पहचानपत्र एवं आधार कार्ड नंबर होना अनिवार्य है। ऐसे प्रार्थी ही आवेदन के पात्र होंगे। दाखिला के लिए अधिक जानकारी के लिए संस्थान के दूरभाष नंबर 7015355458 व 98122 67179 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## एमएससी बॉटनी से रिसर्च क्षेत्र में बढ़ेंगे करियर के अवसर

■ एमडीयू में दाखिले जारी, 10 जून तक आवेदन और 14 जुलाई को होगी प्रवेश परीक्षा

**रोहतक।** बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य, जैव प्रौद्योगिकी के बढ़ते दायरे और औषधीय पौधों पर आधारित उद्योगों में बढ़ती मांग के बीच महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) का एमएससी बॉटनी पाठ्यक्रम युवाओं के लिए रोजगार और शोध के नए अवसर उपलब्ध करा रहा है। विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिले जारी हैं। इच्छुक विद्यार्थी 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जबकि प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी।बॉटनी विभागाध्यक्ष प्रो. अनीता सहरावत ने बताया कि वर्तमान समय में बॉटनी केवल पौधों के अध्ययन तक सीमित विषय नहीं रह गया है। यह जैव प्रौद्योगिकी, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, औषधीय पौधों, कृषि नवाचार और जैव विविधता प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से सीधे जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि एमएससी बॉटनी करने वाले विद्यार्थियों के लिए रोजगार और शोध की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। विभागाध्यक्ष ने बताया कि पाठ्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्लांट बायोटेक्नोलॉजी, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, प्लांट फिजियोलॉजी, इकोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी तथा मेडिसिनल प्लांट्स जैसे आधुनिक विषयों का अध्ययन कराया जाता है। इससे विद्यार्थी उच्च शिक्षा और शोध के साथ-साथ बायोटेक कंपनियों, फार्मास्यूटिकल उद्योगों, कृषि संस्थानों, पर्यावरण एजेंसियों, वन विभाग, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और शिक्षण संस्थानों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

#### नवाचार व उद्यमिता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर

प्रो. सहरावत के मुताबिक बॉटनी विभाग अपने अनुभवी शिक्षकों, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और समृद्ध हर्बल गार्डन के लिए जाना जाता है। विभाग में विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक प्रशिक्षण, शोध परियोजनाओं, वैज्ञानिक लेखन तथा नवाचार आधारित गतिविधियों से जोड़ा जाता है, जिससे उनकी व्यावसायिक दक्षता और रोजगार क्षमता विकसित होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विभाग कौशल विकास, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दे रहा है। प्रशिक्षित विद्यार्थी भविष्य में ग्रीन टेक्नोलॉजी, जैव संसाधन प्रबंधन, जैविक खेती, पर्यावरण परामर्श और वैज्ञानिक अनुसंधान जैसे उभरते क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## कांग्रेस के प्रोजेक्ट्स भी नहीं संभाल पाई भाजपा : सुलभ गुगनानी


रोहतक। युवा कांग्रेस नेता सुलभ गुगनानी का स्वागत करते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की तरफ से अपना अधिकृत सांसद प्रतिनिधि नियुक्त करने पर युवा कांग्रेस नेता सुलभ गुगनानी ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार रोहतक के साथ भेदभाव कर रही है। पिछले 12 साल में एक भी प्रोजेक्ट जिले के लिए नहीं आया, जबकि कांग्रेस राज में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ था। सुलभ गुगनानी ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार कोई ऐसा प्रोजेक्ट लेकर नहीं आई, जिससे हरियाणा के लोगों को गर्व महसूस हो। जिले में भी जो एयरपोर्ट बनना था, भाजपा ने उसे भी शिफ्ट कर दिया। समान विकास की बात करने वाली भाजपा सरकार जिले के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, क्योंकि यहां सारे विधायक कांग्रेस के है। सुलभ गुगनानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में कई प्रोजेक्ट हरियाणा के लिए आए थे, लेकिन भाजपा उन्हें भी संभाल नहीं पाई। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने एक बात कही थी कि पुराने प्रोजेक्ट को भाजपा मेंटेन कर ले तो वह भी बड़ी बात होगी।

#### कांग्रेस भवन में भव्य स्वागत

सुलभ गुगनानी को सांसद का अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त करने का पत्र मिलने के बाद कांग्रेस भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। और उनका स्वागत किया। सुलभ गुगनानी ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का आभार जताया और कहा कि यह सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी है। जनता की समस्याओं, विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देकर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम किया जाएगा।

## हमारी संस्कृति वेदों पर आधारित : शांतानंद

**रोहतक।** आर्य वीर दल के तत्वावधान में स्थानीय आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में सात दिवसीय आर्य वीरांगना प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के तौर पर पधारे स्वामी शांतानंद ने कहा कि वेद का ज्ञान सृष्टि के आरंभ में समस्त प्राणियों के कल्याण हेतु ईश्वर ने मनुष्यों को दिया। इसीलिए हमारी संस्कृति वेदों पर आधारित है। यह वैदिक संस्कृति विश्व में सबसे प्राचीन है। इसी संस्कृति का अनुसरण करते हुए विभिन्न ऋषि मुनियों, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, योगीराज श्री कृष्ण, ब्रह्मचारी हनुमान, नीतिज्ञ चाणक्य, गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, महर्षि दयानंद सरस्वती आदि अनेक महापुरुषों ने जीवन की उत्कृष्टता को प्राप्त किया। ऐसी महान संस्कृति का अनुसरण एवं संवर्धन करना आर्य वीर दल का प्रथम उद्देश्य है। यज्ञ पुरोहित आचार्य शक्तिदेव ने बताया कि यज्ञ करने से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। प्रातः कालीन शारीरिक सत्र में योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया एवं सांय कालीन सत्र में जूडो कराटे, लाठी आदि युद्ध कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया। जिला संचालक सतीश आर्य ने बताया कि शिविर का समापन रविवार सात जून को होगा। इस अवसर पर सरोज आर्य, डॉक्टर विनोद बिंद्रा, संदीप कान्ही, संजीव सचदेवा, पवनजीत, ओम प्रकाश, वरिंदर सहगल, यशपाल भाटिया एवं अंकुर अरोड़ा उपस्थित रहे।



## श्रीमद्भागवत कथा प्रेम, सेवा सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का माध्यम



**रोहतक।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा का आयोजन 1 जून से 7 जून 2026 तक शहीद मदन लाल ढींगड़ा कम्युनिटी सेंटर, ओल्ड आईटीआई ग्राउंड, में प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक किया जा रहा है। कथा स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास सुप्रसिद्ध संत डॉ. संजय कृष्ण सलिल महाराज ने भगवान की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए भक्ति, सत्संग और मानव जीवन में धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सेवा, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का माध्यम है। कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है तथा भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास मजबूत होता है। नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर द्वारा सेवा, मानवता एवं दिव्यांगजन कल्याण के संदेश को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। संस्थान के समाजसेवी कार्यों की जानकारी श्रद्धालुओं को दी गई तथा सभी से सेवा कार्यों में भागीदारी का आह्वान किया गया। मुख्य यजमान राजेश जैन, धर्मपत्नी संध्या जैन, उमा शर्मा एवं मनमोहन गोयल, धर्मपत्नी निर्मला गोयल सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

### न्यूज डायरी



## रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर ने बच्चों को भेंट की आवश्यक सामग्री

**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर द्वारा गोहाना रोड स्थित बाल वाटिका शिक्षा भारती स्कूल, चमारिया में छोटे बच्चों के लिए आवश्यक सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब प्रधान विजय तायल, सचिव नितिन तायल एवं अन्य पदाधिकारियों ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि क्लब की ओर से स्कूल को बड़ी इन्वर्टर-बैटरी, 42 इंच एलईडी टीवी, वाटर डिस्पेंसर, पार्टी स्पीकर, बच्चों के बैठने के लिए मैट तथा बड़ी अलमारी भेंट की गई। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि इन वस्तुओं की लंबे समय से आवश्यकता थी। स्कूल प्रबंधन रामचरण सिंगला व एस.के. गुप्ता ने सभी अतिथियों का फूलों के बुके व पटका पहनाकर स्वागत किया तथा सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विनोद जैन, विनय गोयल, नरेश जैन, सुशील जैन सीए सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## जीडी गोयनका टॉडलर हाउस में बच्चे निखार रहे प्रतिभा

**रोहतक।** जीडी गोयनका टॉडलर हाउस, सनसिटी में 25 मई से प्रारंभ हुआ 12 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यार्थियों के उत्साह, ऊर्जा और सक्रिय भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता, आत्मविश्वास तथा सामाजिक कौशल को बढ़ावा देना है। ग्रीष्मकालीन शिविर के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए कला एवं शिल्प, नृत्य, संगीत, खेलकूद, रोबोटिक्स, तैराकी गतिविधियाँ, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, मनोरंजक खेल तथा अनेक शैक्षिक एवं मनोरंजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थों एवं पौष्टिक भोजन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मधुबाला ने कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों के लिए सीखने, नई चीजों की खोज करने और अपनी प्रतिभा को निखारने का उत्कृष्ट मंच है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का प्रयास है कि प्रत्येक बच्चा आनंदमय वातावरण में नई क्षमताओं का विकास करे और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। विद्यालय के निदेशक बलराज सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस शिविर के माध्यम से बच्चों को सीखने, खेलने और अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है।



## दीपांशी एशियन गेम्स के लिए चयनित

**रोहतक।** 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती वर्ग की प्रतिभावान खिलाड़ी दीपांशी के एशियन गेम्स 2026 के लिए चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांघी की पूर्व छात्रा दीपांशी ने अपनी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर पूर्व जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) एवं समाजसेवी अनिल हुड्डा ने दीपांशी को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि इनकी सफलता पूरे रोहतक और सांघी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि दीपांशी एशियन गेम्स में देश का नाम रोशन करते हुए पदक जीतकर लौटेगी। हुड्डा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां आज खेलों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं और दीपांशी इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने युवाओं से भी खेलों में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। क्षेत्र के खेल प्रेमियों और ग्रामीणों ने भी दीपांशी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## जेईई एडवांस में मॉडल स्कूल के 4 छात्रों ने मारी बाजी

**रोहतक।** जेईई एडवांस 2025-26 के घोषित परिणाम में मॉडल स्कूल आंबेडकर चौक के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर में खुशी का माहौल बन गया और विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों ने एक-दूसरे को बधाई दी। विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र गोपाल, रोनित नारंग, पुष्कल गुप्ता और देवज्ञ ने जेईई एडवांस परीक्षा में सफलता हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। इन विद्यार्थियों की सफलता से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे शहर को गौरव का अनुभव हुआ है। अब ये छात्र काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) तथा देश के अन्य प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में प्रवेश के लिए पात्र होंगे। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं डीसी सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता तथा सचिव राजेश कुमार सहगल ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

## बैंक ने लगाई छबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया मुख्य शाखा, झज्जर रोड द्वारा जन जन को गर्मी से बचाने के लिय सरबत पिलाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अश्वनी गुप्ता, चिराग गांधी, अजय कुमार, सुनीता,नीरू, गोविंद, अन्नू, मोहित, संजय, किरन, वर्षा,अशोक दलाल, व अन्य स्टाफ मौजूद रहे। बैंक ग्राहकों द्वारा इस कार्यक्रम की भरपूर सराहना की गई।


रोहतक। गर्मी से बचाने के लोगों को सरबत पिलाते यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**सूचना**

मैं, पूर्णमल पुत्र श्री रामनारायण निवासी गांव पहरावर जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र बलराम व पुत्रवधु ज्योति मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
: 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

### विश्वविद्यालय को पेपरलेस बनाने के लिए साइन हुआ एमओयू

# पीजीआईएमएस ने मनाया 19वां स्थापना दिवस

■ हवन और पौधरोपण से दिया गया शांति और पर्यावरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने मंगलवार को अपना 19वां स्थापना दिवस सेवा और संकल्प के साथ मनाया। विश्वविद्यालय परिसर में सुबह से ही उत्सव का माहौल रहा। दिन की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन से हुई जिसमें कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. रूप सिंह और निदेशक डॉ. एसके सिंघल सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने आहुति डाली। हवन के बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कुलपति ने अधिकारियों के साथ परिसर में पौधारोपण किया। इसके बाद ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष डॉ गजेंद्र सिंह की टीम द्वारा ओपीडी ब्लॉक में विशाल रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और छात्रों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया और करीब 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया, जिसमें डेंटल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मनु राठी ने 11वीं बार रक्तदान किया।


रोहतक। हवन यज्ञ में आहुति डालते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. रूप सिंह और निदेशक डॉ. एसके सिंघल व अन्य डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

#### कार्यक्रम ये मौजूद रहे

कार्यक्रम के अंत में सोटो के नोडल अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. रूप सिंह, निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुंदन मित्तल,डॉ. राजीव गुप्ता, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एम.जी. वशिष्ठ, डीन डॉ. अशोक चौहान, डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल, डॉ. पुष्पा दहिया, प्राचार्य डॉ. मनु राठी, डॉ. आर.एस. चौहान, डॉ. गजेंद्र सिंह, जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरुण अरोड़ा, इंचार्ज जनरल ब्रांच डॉ. बलजीत, डॉ रागिनी,डॉ. तरुण यादव, डॉ. अंकुर गोयल, डॉ. विवेक ठाकुर, डॉ. गौरव पांडे, सचिव संजीव कुमार, संपदा अधिकारी दुष्यंत शर्मा सहित सैकड़ों डॉक्टर और छात्र मौजूद रहे।

## दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर बिगड़ी ट्रेनों की रफ्तार



**रोहतक।** दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर ट्रेनों की लगातार बढ़ती लेट लतीफी से यात्रियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। रोजाना नौकरी, व्यापार, शिक्षा और अन्य कार्यों के लिए सफर करने वाले यात्रियों को घंटों देरी का सामना करना पड़ रहा है। रेल यात्रियों का कहना है कि पिछले एक महीने से शायद ही कोई ट्रेन अपने निर्धारित समय पर रोहतक रेलवे स्टेशन पहुंची हो। इससे यात्रियों को कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और जरूरी कार्यों में देरी हो रही है। मंगलवार को भी दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर चलने वाली कई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें देरी से पहुंचीं। गाड़ी संख्या 12138 पंजाब मेल 25 मिनट की देरी से रोहतक स्टेशन पहुंची। वहीं 74012 दिल्ली-रोहतक सवारी गाड़ी 45 मिनट लेट रही। 15910 अवध आसाम एक्सप्रेस 25 मिनट तथा 14737 भिवानी-तिलक ब्रिज सवारी गाड़ी 22 मिनट देरी से पहुंची। इसके अलावा गाड़ी संख्या 64912 जींद-दिल्ली एक्सप्रेस 1 घंटा 9 मिनट, 54036 जाखल-शकूरबस्ती सवारी गाड़ी 2 घंटे तथा 54424 हिसार-नई दिल्ली सवारी गाड़ी 50 मिनट देरी से चली। 14024 कुरुक्षेत्र-दिल्ली डेमू फास्ट पैसेंजर लगभग 1 घंटा, 20424 पातालकोट-छिंदवाड़ा एक्सप्रेस 55 मिनट तथा 14732 किसान एक्सप्रेस 17 मिनट की देरी से पहुंची। वहीं 12482 श्रीगंगानगर-दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस भी 15 मिनट लेट रही।दिल्ली से रोहतक की ओर आने वाली ट्रेनों की स्थिति भी बेहतर नहीं रही। 54005 दिल्ली-भिवानी पैसेंजर 25 मिनट, 12555 गोरखधाम-बठिंडा सुपरफास्ट एक्सप्रेस करीब 1 घंटा तथा 14117 कालिंदी एक्सप्रेस लगभग 2 घंटे देरी से चली। इसके अलावा 22479 शरबत दा भल्ला एक्सप्रेस 15 मिनट, 64915 नई दिल्ली-जींद मेमू करीब डेढ़ घंटा तथा 15305 नई दिल्ली-रोहतक इंटरसिटी 35 मिनट देरी से स्टेशन पर पहुंची।

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**सांपला।** कस्बे में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड नंबर 11 निवासी सुमित मक्कड़ ने बताया कि वह निजी प्रतिष्ठान में कार्यरत है और अपने परिचित की बाइक का उपयोग करता था। रात को काम से लौटकर उसने बाइक घर के बाहर खड़ी की थी, लेकिन सुबह वह गायब मिली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और वाहन की तलाश में जांच जारी है।

### जानलेवा हमले का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की



पहचान पवन के रूप में की गई है। इससे पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। मामला गांव भैणी महाराजपुर का है, जहां अंकित की शिकायत पर थाना महम में केस दर्ज हुआ था। जांच में सामने आया कि कार गिरवी रखने और पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। आरोपियों ने कार्यालय में घुसकर लोहे की रॉड और डंडों से हमला किया था। 15 अप्रैल की रात हुई इस वारदात के बाद से पुलिस लगातार जांच में जुटी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### मारपीट मामले में एक और आरोपी पकड़ा

**रोहतक।** गांव सीसर खास में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान भारत निवासी सीसर खास के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 26 मार्च को बिजेंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि 24 मार्च की रात वह अपने भाई जोगेंद्र और सुधीर के साथ गांव लौट रहा था, तभी ठेके के पास कुछ युवकों ने उनकी कार रुकवाकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

### फर्जी लोन घोटाले में चौथा आरोपी दबोचा

**रोहतक।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर बालाजी ट्रेडर्स फर्म के नाम पर 7.30 लाख रुपये का लोन लेने के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी सौरभ के रूप में हुई है। इससे पहले तीन आरोपी पकड़े जा चुके हैं। सेक्टर-1 निवासी दीपक की शिकायत पर थाना अर्बन एस्टेट में मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों ने फर्म के फर्जी दस्तावेज बनाकर बाइक रिपेयरिंग व पार्ट्स कारोबार के नाम पर लोन हासिल किया।

▶▶ स्मार्ट सिटी और विकसित शहर की ओर बढ़ने के दावे खोखले ▶▶ अतिक्रमण, दर्जनों कॉलोनियां आज भी पेयजल संकट से जूझ रहीं

**वाटर कूलर और बस शेल्टरों की कमी से आमजन को धूप और गर्मी में हो रही परेशानी**

# जनसुविधाएं उपलब्ध करवाने में रोहतक फिसड्डी कहीं शौचालय टूटे पड़े, तो कहीं स्ट्रीट लाइटें बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

**सिटी पल्स**

स्मार्ट सिटी और विकसित शहर की ओर बढ़ने के दावे करने वाला रोहतक आज भी बुनियादी जनसुविधाओं के मामले में कई मोर्चों पर पिछड़ता नजर आ रहा है। शहर के अनेक क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालय बदहाल हैं, कई जगह स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, फुटपाथों पर अतिक्रमण के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है और दर्जनों कॉलोनियां आज भी पेयजल संकट से जूझ रही हैं। स्थिति यह है कि कुछ क्षेत्रों में लोगों को दूषित पानी की आपूर्ति मिल रही है, जबकि सरकारी कार्यालयों और लघु सचिवालय में बने शौचालयों पर अक्सर ताले लटके रहते हैं। शहर में लगाए गए कई वाटर कूलर भी बंद पड़ गए हैं, जिनमें पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। वहीं कई प्रमुख स्थानों पर सार्वजनिक बस शेल्टर तक नहीं हैं, जिससे यात्रियों को धूप और बारिश में इंतजार करना पड़ता है। शहर के विभिन्न हिस्सों में सार्वजनिक शौचालयों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। कई स्थानों पर शौचालय टूट-फूट का शिकार हैं, जबकि कुछ जगहों पर सफाई व्यवस्था नहीं होने से लोग उनका उपयोग करने से बचते हैं। सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है क्योंकि कई शौचालयों पर ताले लगे रहते हैं।

**जल संकट**



**शौचालयों पर ताले**



रोहतक। बुजुर्ग व्यक्ति पानी भरकर ले जाते हुए। हुडा काम्प्लेक्स में शौचालय की दुर्दशा।

### बिजली, पानी, शौचालय की सुविधाएं नहीं मिल पा रही



आमजन को बिजली, पानी, शौचालय की सुविधाएं नहीं मिल पा रही। सड़कें टूटी पड़ी हुई है। कई जगह दूषित पेयजल की सप्लाई की जा रही है। शौचालय जर्जर हो चुके हैं। कई पर ताला लटका रहता है। हालात ऐसे हैं अब भाजपा के पार्षद भी जन समस्याओं को लेकर धरने प्रदर्शन तक कर रहे हैं। सरकार को मूलभूत सुविधाएं जनता को उपलब्ध करवाने के लिए संज्ञान लेना चाहिए। **-सूरजमल किलोई, कांग्रेस के मेयर पद के प्रत्याशी**

### मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही



शहर में जन सुविधाओं की कमी साफ दिखाई देती है। कई स्थानों पर शौचालयों की हालत खराब है और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। **-मनीष सैनी राजेंद्र नगर**

### स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद



स्ट्रीट लाइटों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। रात के समय अंधेरा रहने से लोगों को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। फुटपाथों पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग से पैदल चलना मुश्किल। **-जसवीर कुमार**, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी

### क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया



क्षेत्र में पेयजल संकट लगातार बना हुआ है। कई बार पानी की सप्लाई बाधित रहती है और दूषित पानी आने की शिकायतें भी सामने आती हैं। कई कॉलोनियों में नियमित पानी की आपूर्ति नहीं हो रही। **-राजकुमार**, कमला नगर

### फुटपाथों पर अतिक्रमण



फुटपाथों पर अतिक्रमण के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है। सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने वाले लोगों के लिए बस शेल्टरों की कमी भी परेशानी का कारण बनी हुई है। **-मनोज** आर्य नगर

### अतिक्रमण से आवागमन बाधित



शहर के व्यापारियों के लिए समस्याएं बढ़ रही हैं। कई जगह शौचालय नहीं हैं। बाजारों में अतिक्रमण की वजह से लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। कई जगह दूषित पेयजल की सप्लाई हो रही है। **-गुलशन ईशपुनियानी**, प्रधान शोरी मार्केट

### सेक्टर एरिया में चहुंओर समस्या



सेक्टर एरिया में कई जगह पानी की सप्लाई की समस्या है। बरसाती पानी की निकासी के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सड़ें टूटी पड़ी हैं। कई बार मांग पत्र सौंपे जा चुके हैं। **-कदम सिंह अहलावत**, प्रधान, ऑल सेक्टर आरडब्ल्यूए

# ठेकेदार 10 लाख लेकर लापता, अब और 10 लाख की फाइल मंजूरी के लिए लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

**अधर में लटका रैन बसेरा**



भिवानी रोड पर करीब 40 लाख रुपये की लागत से बन रहा रैन बसेरा पिछले कई महीनों से अधूरा पड़ा है। जनवरी 2026 में शुरू हुए निर्माण कार्य के बाद कुछ समय तक काम चला, लेकिन बाद में ठेकेदार ने काम बीच में ही छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार ठेकेदार नगर निगम से 10 लाख रुपये का भुगतान ले चुका है और दूसरी किस्त के लिए भी फाइल लगा रखी है।यह रैन बसेरा शहर के गरीब, बेसहारा, मजदूर और रिक्शा चालकों को सर्दियों में सुरक्षित आश्रय देने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। पुराने रैन बसेरे में आग लगने के बाद केंद्र सरकार की शहरी गरीब कल्याण योजना के तहत नए भवन के निर्माण का निर्णय लिया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर लंबे समय से कोई गतिविधि नहीं दिख रही है। भवन अधूरा खड़ा है और निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी है। बरसात और सर्दियों का मौसम नजदीक आने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। निवासियों ने निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने और ठेकेदार को तय समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश देने की मांग की है।

### निर्माण कार्य पूरा करवाएं

जनवरी में शुरू हुआ रैन बसेरे का निर्माण कई महीनों से अधूरा है। ठेकेदार भुगतान लेने के बावजूद काम आगे नहीं बढ़ा रहा है। नगर निगम को तुरंत हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य पूरा करवाना चाहिए, ताकि सर्दियों में गरीब और बेसहारा लोगों को आश्रय मिल सके। **-बेबी रानी रोहिल्ला**, पार्षद, वार्ड -18

### महिला, युवती और व्यक्ति लापता, अपहरण की आशंका

**रोहतक।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से एक महिला, एक युवती और एक व्यक्ति के लापता होने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी और अपहरण की आशंका के तहत मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुराना सब्जी मंडी थाना पुलिस को खोखरा कोट निवासी दुष्यंत ने शिकायत दी कि उसकी शादी 21 अक्टूबर 2021 को सविता के साथ हुई थी। दोनों का ढाई वर्षीय बेटा हर्षित है। शिकायतकर्ता के अनुसार 29 मई को वह दोपहर के समय घर पर सो रहा था। शाम करीब छह बजे उसकी नींद खुली तो पत्नी सविता अपने बेटे को साथ लेकर घर से गायब मिली। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**40 वर्षीय व्यक्ति लापता**

पुराना सब्जी मंडी थाना पुलिस ने चुनीपुरा निवासी रणधीर सिंह की शिकायत पर उसके 40 वर्षीय बेटे संदीप सिंधु के लापता होने का मामला दर्ज किया है। परिजनों ने बताया कि संदीप संदिग्ध परिस्थितियों में घर से चला गया और वापस नहीं लौटा। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

**भगाकर ले जाने का आरोप**

लाखनमाजरा थाना क्षेत्र के गांव नांदल निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि उसकी 21 वर्षीय बेटी घर से लापता हो गई। परिजनों ने शुभम उर्फ पोली पर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सांपला: बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने की तैयारी



एसडीएम अंकिता पवार निरीक्षण करते हुए।

**सांपला।** शहर में बढ़ते अतिक्रमण और जाम की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका रेहड़ी-फड़ी वालों को वैकल्पिक स्थान देने की तैयारी कर रही है। मंगलवार को नगर पालिका सचिव पंकज जून ने एसडीएम अंकिता पंवार के साथ संभावित स्थानों का निरीक्षण किया। प्रशासन का मानना है कि रेहड़ियों को भीड़भाड़ वाले बाजारों से हटाकर निर्धारित स्थानों पर बसाने से यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। नगर पालिका नए टोकन और लाइसेंस जारी करने पर भी विचार कर रही है। बिना लाइसेंस रेहड़ी लगाने वालों के खिलाफ चालान और सामान जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में शहर में 100 से अधिक रेहड़ी-फड़ी संचालक सक्रिय हैं।

**शहर में 100 से अधिक रेहड़ी-फड़ी वाले**

100 से अधिक रेहड़ी-फड़ी वाले सक्रियसांपला में 100 से अधिक रेहड़ी-फड़ी संचालक हैं, जिनमें से करीब 80 नगर पालिका में पंजीकृत हैं। मेन बाजार, खरखोदा और झज्जर मार्ग पर रेहड़ियों व सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।

**याद बहुत आते हैं वो दिन...**

# पिता के संस्कारों ने बनाया समाजसेवा का रास्ता, पढ़ाई के लिए खाई डांट

**बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए**



आज हम जो कुछ भी हैं, जो सम्मान मिला है और समाज के लिए काम करने का जो अवसर मिला है, वह सब हमारे पिता की देन है। यह कहना है समाजसेवी सुरेंद्र पाल का। अपने पिता को याद करते हुए उनकी आंखों में गर्व और भावुकता दोनों साफ दिखाई देते हैं। सुरेंद्र पाल बताते हैं कि बचपन का समय संघर्षों से भरा था। परिवार की आर्थिक परिस्थितियां बहुत मजबूत नहीं थीं, लेकिन उनके पिता ने कभी बच्चों की पढ़ाई और भविष्य के साथ समझौता नहीं किया। उन्होंने दिन-रात मेहनत कर परिवार का पालन-पोषण किया और बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए।

**शिक्षा ही जीवन की दिशा**

सुरेंद्र पाल बताते हैं कि उनके पिता का मानना था कि शिक्षा से ही जीवन बदलता है, इसलिए पढ़ाई में सख्ती करते थे। वे कहते हैं कि उस समय डांट और अनुशासन सख्त लगता था, लेकिन आज समझ आता है कि वही उनके भविष्य की नींव बना।



सुरेंद्र पाल

### पढ़ाई ही नहीं, जीवन के मूल्य भी दिए

पिता ने सिर्फ पढ़ाई ही नहीं सिखाई, बल्कि जीवन के मूल्य भी दिए। ईमानदारी, मेहनत, दूसरों की मदद करना और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना जैसे संस्कार बचपन से ही घर में मिले। यही कारण है कि आज जब उन्हें समाज सेवा करने का अवसर मिलता है तो वह इसे अपने पिता के संस्कारों का परिणाम मानते हैं। सुरेंद्र पाल का कहना है कि समाज में जो भी सम्मान और पहचान उन्हें मिली है, उसके पीछे उनके पिता का त्याग, संघर्ष और मार्गदर्शन है। जीवन में आगे बढ़ने के बाद समाज को लौटाना भी जरूरी है।

### परिवार के साथ बिताए पल ही सबसे बड़ी खुशी



मेरा नाम राजकुमार है। उम्र के इस पड़ाव पर जीवन बड़ी ही खुशी और संतोष के साथ बीत रहा है। अब रोजमर्रा की भागदौड़ कम हो गई है और परिवार के साथ बिताया गया समय ही सबसे बड़ी पूंजी बन गया है। मेरे दिन की सबसे खास बात मेरे पौते-पोतियों के साथ होने वाली मस्ती है। उनके साथ खेलना, बातें करना, कहानियां सुनाना और उनकी शरारतों पर मुस्कुराना मुझे फिर से बचपन की दुनिया में ले जाता है। घर में उनकी खिलखिलाहट पूरे माहौल को जीवंत बनाए रखती है। कभी वे मुझे अपने खेल में शामिल कर लेते हैं तो कभी मोबाइल चलाना सिखाने लगते हैं। उनके साथ बिताया हर पल नई ऊर्जा और खुशियां देता है। जीवन में उतार-चढ़ाव तो आते रहते हैं, लेकिन परिवार का प्यार और बच्चों की मुस्कान हर चिंता को दूर कर देती है। आज मैं यही मानता हूं कि सच्चा सुख धन-दौलत में नहीं, बल्कि अपनों के साथ बिताए गए इन अनमोल पलों में छिपा है। यही मेरी सबसे बड़ी खुशी और संपत्ति है।

### हंसी-मजाक और ताश की बाजियां पूरे दिन को बना देती हैं यादगार



मेरा नाम प्रमोद कुमार है। नौकरी के दौरान वर्षों तक जिम्मेदारियों और कामकाज में व्यस्त रहने के बाद अब रिटायरमेंट का जीवन बड़े आराम और आनंद के साथ बीत रहा है। पहले समय की कमी रहती थी, लेकिन अब हर दिन अपने मन के अनुसार जीने का अवसर मिलता है। मेरी दिनचर्या का सबसे मजेदार हिस्सा दोस्तों के साथ ताश खेलना है। सुबह की चाय के बाद जब यार-दोस्त एक जगह जुटते हैं तो हंसी-मजाक और ताश की बाजियां पूरे दिन को यादगार बना देती हैं। ताश के खेल में कभी जीत मिलती है तो कभी हार, लेकिन असली मजा दोस्तों की चुहल और ठहाकों में होता है। घर-परिवार के साथ समय बिताने के साथ-साथ यह शौक मुझे मानसिक रूप से सक्रिय और खुश रखता है। रिटायरमेंट मेरे लिए आराम का नहीं, बल्कि जीवन का नया और सुनहरा अध्याय साबित हुआ है। अब बिना किसी तनाव के हर दिन का आनंद ले रहा हूं और मानता हूं कि खुश रहने का सबसे अच्छा तरीका है अच्छे दोस्तों का साथ और मुस्कुराते हुए जीवन जीना।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजियो अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**एचएसटीईएस से होंगे एडमिशन, ऑनलाइन पंजीकरण 6 जून तक**

# छात्र दवा उद्योग में बना सकते हैं भविष्य एमडीयू में बी फार्मेसी दाखिले शुरू

- ड्रग इंस्पेक्टर से लेकर रिसर्च साइंटिस्ट तक करियर के व्यापक अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

**स्टूडेंट गाइड**

भारत वैश्विक स्तर पर फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड के रूप में अपनी पहचान लगातार मजबूत कर रहा है। दवा निर्माण, क्लीनिकल रिसर्च, बायोटेक्नोलॉजी और स्वास्थ्य सेवाओं के तेजी से विस्तार के बीच प्रशिक्षित फार्मेसी पेशेवरों की मांग बढ़ रही है। ऐसे में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक का बी.फार्मेसी पाठ्यक्रम युवाओं के लिए रोजगार और करियर की नई संभावनाएं लेकर आया है। विश्वविद्यालय के औषधि विज्ञान विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक ने बताया कि बी.फार्मेसी में प्रवेश हरियाणा स्टेट टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी (एचएसटीईएस) के माध्यम से किए जाएंगे। इच्छुक विद्यार्थी 6 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (ओसीईटी-2026) 15 से 22 जून तक आयोजित होगा, जबकि परीक्षा परिणाम के आधार पर रैंक 25 जून को जारी की जाएगी। प्रथम काउंसलिंग के लिए विकल्प भरने की प्रक्रिया 26 से 30 जून तक चलेगी और सीट आवंटन परिणाम 1 जुलाई को घोषित होगा। अंतिम प्रवेश तिथि 15 अगस्त निर्धारित की गई है।



**ओसीईटी-2026 परीक्षा 15 से 22 जून तक, पहली काउंसलिंग का परिणाम एक जुलाई को होगा जारी**

### कई क्षेत्रों में अपार संभावनाएं

चार वर्षीय बी फार्मेसी पाठ्यक्रम फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है और विद्यार्थियों को आधुनिक स्वास्थ्य एवं फार्मा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करता है। पाठ्यक्रम में फार्मास्यूटिक्स, फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री, फार्माकोलॉजी, क्लीनिकल फार्मेसी, फार्माकोग्नोसी तथा फार्मेसी प्रैक्टिस जैसे विषय शामिल हैं। प्रो. कौशिक के अनुसार विभाग में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, उन्नत वैज्ञानिक उपकरण, डिजिटल लर्निंग संसाधन और शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को इंडस्ट्री ओरिएंटेड प्रशिक्षण, रिसर्च प्रोजेक्ट्स, सेमिनार और कार्यशालाओं के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि बी फार्मेसी के बाद युवाओं के लिए कम्युनिटी फार्मासिस्ट, हॉस्पिटल फार्मासिस्ट, क्लीनिकल रिसर्च एसोसिएट, ड्रग इंस्पेक्टर, क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट, रेगुलेटरी अफेयर्स विशेषज्ञ और रिसर्च साइंटिस्ट जैसे प्रतिष्ठित करियर विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा एम.फार्मेसी, पीएचडी, रिसर्च तथा स्वरोजगार के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

**अवैध होर्डिंग्स व पोस्टरों पर निगम सख्त**

# 3.5 लाख के चालान, जुर्माना नहीं भरने वालों पर होगी एफआईआर



अवैध होर्डिंग्स और पोस्टर हटाते नगर निगम के कर्मचारी।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने अवैध होर्डिंग्स, फ्लैक्स और पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। निगम क्षेत्र में बिना अनुमति लगाए गए विज्ञापन सामग्री हटाने के साथ-साथ संबंधित व्यक्तियों पर भारी जुर्माना भी लगाया जा रहा है। मई 2026 के दौरान अब तक 7 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक के चालान किए जा चुके हैं।

नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम लगातार मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग्स और पोस्टर हटवा रही है। कार्रवाई के दौरान उल्लंघनकर्ताओं को मौके पर ही नोटिस जारी किए जा रहे हैं तथा हरियाणा प्रीवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट 1989 एवं विज्ञापन नीति के तहत जुर्माना लगाया जा रहा है। निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि नगर निगम से पूर्व स्वीकृति प्राप्त चिन्हित स्थलों पर ही होर्डिंग्स और फ्लैक्स लगाने की अनुमति है। बिना अनुमति लगाए गए विज्ञापनों को हटाने में आने वाला पूरा खर्च भी संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन लोगों द्वारा निर्धारित समय में जुर्माना जमा नहीं कराया जाएगा, उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निगम आयुक्त ने नागरिकों से शहर की सुंदरता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित शहर बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।